**MAANY**

कला स्नातकोत्तर (मानवविज्ञान)

प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम (अनिवार्य)

असाइनमेंट

जुलाई 2026–जनवरी 2027 सत्र

प्रथम सेमेस्टर

- **MAN 101:** मानवविज्ञान का परिचय
- **MAN 102:** भौतिक/जैविक मानवविज्ञान
- **MAN 103:** सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानवविज्ञान
- **MAN 104:** पुरातात्त्विक मानवविज्ञान
- **MAN 105:** भारत की जनजातियाँ

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

मानवविज्ञान संकाय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली 110068

कार्यक्रम कोड: **MAANY**

## असाइनमेंट– जुलाई 2026–जनवरी 2027 सत्र

प्रिय शिक्षार्थी,

आपने मास्टर ऑफ आर्ट्स (मानवविज्ञान) [MAANY] कार्यक्रम की कार्यक्रम मार्गदर्शिका का अध्ययन अवश्य किया होगा और यह भी देखा होगा कि प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए असाइनमेंट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रत्येक असाइनमेंट पूरे पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यदि आप अपने उत्तर अपने शब्दों में लिखते हैं, तो विषय की आपकी समझ अधिक स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होती है और इससे आपको भी लाभ होगा।

उत्तर लिखते समय एक अन्य महत्त्वपूर्ण बात शब्द–सीमा का ध्यान रखना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित शब्द–सीमा का पालन करना आवश्यक है। असाइनमेंट में विभिन्न प्रकार के प्रश्न दिए गए हैं, जैसे—दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (20 अंक) तथा लघु उत्तरीय प्रश्न (10 अंक)। प्रश्नों को इस प्रकार तैयार किया गया है कि आप उनका उत्तर क्रमबद्ध, तार्किक तथा व्यापक रूप से दे सकें।

असाइनमेंट लिखना प्रारम्भ करने से पहले यदि आपको किसी प्रकार की शंका हो अथवा अपने उत्तरों पर चर्चा करनी हो, तो अपने शिक्षार्थी सहायता केन्द्र के शैक्षणिक परामर्शदाता से अवश्य परामर्श करें।

अपने पूर्ण किए गए असाइनमेंट अपने शिक्षार्थी सहायता केन्द्र के समन्वयक को जमा करें। प्रस्तुत किए गए प्रत्येक असाइनमेंट की एक फोटोकॉपी अथवा प्रति अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें। असाइनमेंट जमा करते समय उसकी प्राप्ति रसीद अवश्य प्राप्त करें और उसे सुरक्षित रखें। कुछ अध्ययन केन्द्र ई–मेल, गूगल फॉर्म अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से भी असाइनमेंट स्वीकार करते हैं। अतः शिक्षार्थियों को अपने क्षेत्रीय केन्द्र अथवा अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना चाहिए।

मूल्यांकन के पश्चात असाइनमेंट आपको वापस कर दिए जाएँगे। शिक्षार्थी सहायता केन्द्र आपके प्राप्तांक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को भेजेगा तथा ये अंक आपकी ग्रेड कार्ड में दर्ज किए जाएँगे।

## असाइनमेंट करने के लिए दिशा–निर्देश

असाइनमेंट तैयार करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें—

### 1. योजना

असाइनमेंट के सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। जिन इकाइयों पर प्रश्न आधारित हैं, उनका गहन अध्ययन करें। प्रत्येक प्रश्न से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को नोट करें तथा उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित करें।

### 2. संगठन

उत्तर की रूपरेखा तैयार करने से पहले सावधानीपूर्वक, चयनात्मक तथा विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में प्रस्तावना और निष्कर्ष को पर्याप्त महत्त्व दें।

- प्रस्तावना में प्रश्न का संक्षिप्त परिचय तथा यह स्पष्ट होना चाहिए कि आप उत्तर का विकास किस प्रकार करेंगे।

- निष्कर्ष में प्रश्न के उत्तर का संक्षिप्त सार प्रस्तुत होना चाहिए।

आपके उत्तर तथ्यपरक, स्पष्ट, सुव्यवस्थित, निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर तथा विषय की आपकी समझ को अभिव्यक्त करने वाले होने चाहिए।

### 3. प्रस्तुतीकरण

जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हों, तब उसे अंतिम रूप में साफ–सुथरे ढंग से लिखें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट एवं सुवाच्य हस्तलेख में लिखें तथा जिन बिंदुओं पर विशेष बल देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित अथवा उभारकर प्रस्तुत करें।

## असाइनमेंट जमा करना

सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व निर्धारित समय–सीमा के भीतर असाइनमेंट जमा करना अनिवार्य है। इसलिए निर्धारित नियमों का पालन करना आवश्यक है।

प्रथम सेमेस्टर में कुल पाँच असाइनमेंट जमा करने होते हैं। एक समय में एक ही असाइनमेंट तैयार करें। अपनी अध्ययन–योजना इस प्रकार बनाएँ कि जिस पाठ्यक्रम का अध्ययन पूरा हो जाए, उसी का असाइनमेंट तैयार करके जमा करें।

असाइनमेंट अपने शिक्षार्थी सहायता केन्द्र में जमा करें तथा मूल्यांकन के पश्चात परामर्शदाता द्वारा दिए गए अंक एवं टिप्पणियों सहित उसे प्राप्त करें। इससे उस पाठ्यक्रम के संबंध में आपकी तैयारी का उचित आकलन हो सकेगा।

पर्याप्त समय उपलब्ध है, इसलिए सभी असाइनमेंट समय पर पूर्ण करने की योजना बनाएँ। उचित योजना, समय–प्रबंधन तथा सुविचारित कार्यान्वयन के माध्यम से आप अंतिम तिथि से पहले सभी असाइनमेंट सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकते हैं।

असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि

| प्रवेश बैच | जमा करने की अंतिम तिथि | जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2026 में नामांकित छात्रों के लिए | 30 अप्रैल 2027 | शिक्षार्थी सहायता केंद्र के समन्वयक |
| जनवरी 2027 में नामांकित छात्रों के लिए | 30 सितंबर 2027 | |

मानवविज्ञान संकाय

सामाजिक विज्ञान विद्यालय

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)

नई दिल्ली – 110068

# MAN-102: भौतिक/जैविक मानवविज्ञान

## अनुशिक्षक चिंहित सत्रीय–कार्य (TMA)

पाठ्यक्रम कोड: MAN-102

सत्रीय कार्य कोड: MAN-102/ASST/TMA/जुलाई 2026– जनवरी 2027

कुल अंक: 100

**नोट: इसमें दो खंड 'A' और 'B' हैं। कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दें और प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्न हल करें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। 20 अंकों के लिए शब्द सीमा 500 शब्द है और 10 अंकों के लिए 250 शब्द है।**

## खंड क

**1.** भौतिक/जैविक मानव–विज्ञान को परिभाषित कीजिए। भौतिक/जैविक मानव–विज्ञान के इतिहास और विकास पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।. 20

**2.** मानवीय विभिन्नताओं का अध्ययन करने के कौन–कौन से तरीके हैं? चर्चा कीजिए। 20

**3.** पुरामानव–विज्ञान (पेलियोएंथ्रोपोलॉजी) को परिभाषित कीजिए। पुरामानव–विज्ञान के लक्ष्यों और उद्देश्यों पर चर्चा कीजिए। 20

**4.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए: 10+10

क) सीरोलॉजी

ख) समरूपता और अनुरूपता

## खंड ख

5. प्राइमेट्स की विशेषताओं पर चर्चा करें। गैर–मानव प्राइमेट्स और मनुष्यों की तुलनात्मक शारीरिक संरचना (एनाटॉमी) को समझाएं। 20

6. मानव आनुवंशिकी की विधियों पर संक्षेप में चर्चा करें। 20

7. काइनैन्थ्रोपोमेट्री (Kinanthropometry) क्या है? खेलों में इसके उपयोग पर चर्चा करें। 20

8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए: **10+10**

क) वृक्षवलय कालक्रम

ख) अपरिष्कृत मृत्यु दर

~~~~~
~~~~~